Regarding employment to B.Ed and BTC degree holders in Fatehpur district, Uttar Pradesh

श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल **(**फतेहपुर**) :** माननीय सभापति महोदय, मैं आज एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, जो जनपद फतेहपुर, उत्तर प्रदेश के हजारों शिक्षित युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है ।

माननीय सभापति महोदय, फतेहपुर जिले में हजारों की संख्या में ऐसे युवा हैं, जिन्होंने बीएड और बीटीसी जैसी उच्च शिक्षण डिग्रियां प्राप्त की हैं, लेकिन वे वर्षों से बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं । वे योग्य और प्रशिक्षित होने के बावजूद सरकारी विद्यालयों में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएँ देने से वंचित हैं । यह स्थिति न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है, बल्कि हमारे शिक्षा तंत्र को भी कमजोर कर रही है ।

सभापति महोदय, नए शिक्षकों की भर्ती में तेजी लाई जाए, जिससे बीएड और बीटीसी प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को रोजगार मिल सके । रिक्त पदों की पहचान कर जल्द से जल्द नियुक्तियां की जाएँ । नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए, ताकि योग्य उम्मीदवारों को बिना किसी भेदभाव के रोजगार मिल सके । संविदा भर्ती की जगह स्थायी नियुक्तियों को प्राथमिकता दी जाए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** ठीक है, आपका विषय आ गया है ।

? (व्यवधान)

श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल**:** माननीय सभापति महोदय, यदि इस मुद्दे पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो यह न केवल बेरोजगार युवाओं के भविष्य को प्रभावित करेगा ? (व्यवधान)